## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 30.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 30.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

(3). आज दिनाँक 31.07.2025 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री आदित्यनाथ योगी जी के गोस्वामी तुलसीदास जन्मस्थली राजापुर आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों की ड्यूटी को चेक कर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।
जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दीनदयाल शोध संस्थान गनीवां,हेलीपैड सुरक्षा,तुलसी घाट,यातायात व्यवस्था का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।
मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम से ब्रीफ कराते हुए सतर्कता पूर्वक ड्यूटी का निर्वहन करने हेतु बताया गया तथा संवेदनशील स्थानों पर ड्यूटी करने वाले अधिकारियों/कर्मचारीगण विशेष ध्यान देने हेतु बताया गया।

(4). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री विनोद कुमार शुक्ला एवं पैरोकार आरक्षी रवि प्रकाश तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी श्री प्रभुनाथ यादव एवं उनकी टीम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता(फौजदारी) श्री गोपाल दास द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश एण्टी डकैती कोर्ट/अपर सत्र न्यायाधीश श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस मुख्यालय से पैरवी हेतु चिन्हित एवं आज दिनांक 31.07.2025 को थाना रैपुरा में पंजीकृत मु0अ0सं0 141/16 धारा 364/34,506 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त रामगोपाल उर्फ गोप्पा उर्फ भोले यादव पुत्र स्व0 चुनकू यादव निवासी हर्रा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 13000 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

(5).आज दिनांक 31.07.2025 को अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज श्री संजीव गुप्ता द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन में चल रही आरटीसी प्रशिक्षण के रिक्रूट आरक्षियों के साथ कान्हा सभागार में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।
सम्मेलन के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक महोदय ने रिक्रूट आरक्षियों से उनकी प्रशिक्षण से संबंधित समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों के बारे में जानकारी ली तथा उनकी बातों को गंभीरता से सुना। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने रिक्रूट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और संवैधानिक मूल्यों का पालन करने के साथ साथ आरक्षियों को एक कुशल और समर्पित पुलिसकर्मी बनने हेतु बताया गया एवं रिक्रूट आरक्षियों के आवास, खाने,पीने का पानी,स्नानागार, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था कराये जाने,स्नानागार,शौचालय आदि की नियमित साफ सफाई कराने,आवासीय स्थान,क्लासरूम,स्नानागार,शौचालय,मेस आदि स्थानों में बिजली,पंखा,कूलर आदि की पर्याप्त व्यवस्था कराये जाने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कार्यालय श्री अरविन्द कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव, आरटीसी प्रभारी श्री प्रदीप कुमार यादव ,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित रहें।